केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# प्रभा

## VIDYALAYA PATRIKA 2024

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-१

सेक्टर-30, गांधीनगर

PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA No. 1, SECTOR-30, GANDHINAGAR

# मुख्य संरक्षक

**श्रीमती श्रुति भार्गव**

उपायुक्त

के.वि.सं.(अहमदाबाद संभाग)

**श्रीमान मेहुल के. दवे** (आई.ए.एस.)

क्लेक्टर एवं जिला अधिकारी

एवं

अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति

# संरक्षक

**श्रीमान वेंकटेश्वर प्रसाद बी.**

सहायक आयुक्त

के.वि.सं.(अहमदाबाद संभाग)

**श्रीमती मीना जोशी**

सहायक आयुक्त

के.वि.सं.(अहमदाबाद संभाग)

**श्री आलोक कुमार तिवारी**

प्राचार्य

पीएम श्री के. वि. क्र.1 सेक्टर 30, गांधीनगर

**श्री व्योमेश रावल**

उप- प्राचार्य

पीएम श्री के. वि. क्र.1 सेक्टर 30, गांधीनगर

**श्रीमान एल. जे. वाघेला**

प्रधानाध्यापक

पीएम श्री के. वि. क्र.1 सेक्टर 30, गांधीनगर

## संपादक मंडली

डॉ. विजय कुमार साव
स्नातकोत्तर शिक्षक हिंदी

श्रीमती ध्वनिका भट्ट
स्नातकोत्तर शिक्षिका, अंग्रेजी

श्रीमती प्रतिभा त्रिवेदी,
प्र. स्ना. शि. हिंदी

श्रीमान प्रकाश कुमार प्रजापति
प्र. स्ना. शि. अंग्रेजी

श्रीमान नवीन अमीन,
प्र. स्ना. कला शिक्षक

श्रीमान जे. जे. वाघेला
प्राथमिक शिक्षक

श्रीमती पूनम यादव,
प्राथमिक शिक्षक

## छात्र संपादकीय बोर्ड

तिथि वाघेला XI B

हरप्रीत कौर XI C

जाह्नवी XI C

सत्यम XI B

श्रुति भार्गव
Shruti Bhargava
उपायुक्त/Deputy Commissioner

केंद्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
अहमदाबाद संभाग/Ahmedabad Region
Sector-30, Gandhinagar (Guj) - 382030

फा.12029/संदेश/2024/केविसं /क्षेका/अ'बाद

दिनांक : 21.08.2024

# संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत हर्ष हो रहा है कि केंद्रीय विद्यालय, न.1 सेक्टर-30 गाँधीनगर सत्र 2023-24 के लिए विद्यालय पत्रिका **'प्रभा'** के नए अंक का प्रकाशन कर रहा है।

विद्यालय पत्रिका विद्यालय की वर्ष-भर की रचनात्मक एवं सह-शैक्षिणक गतिविधियों की जानकारी सभी हितधारकों तक पहुँचाने का सबसे सशक्त माध्यम है। साथ ही विद्यालय पत्रिका विद्यार्थियों एवं स्टाफ के सदस्यों की रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने का सबसे प्रभावशाली मंच है। विद्यालय में शिक्षण के लिए नियमित रूप से होने वाली गतिविधियों के अलावा कुछ ऐसा होना भी जरूरी है जो विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति न केवल रुचि जगाए, बल्कि उनमें ऐसे कौशल भी विकसित करे जो उनके भावी जीवन में काम आएँ। पत्रिका के अनवरत प्रकाशन से विद्यार्थियों अपने कौशल को प्रदर्शित करने का निरंतर अवसर मिलता रहता है। मुझे विश्वास है कि आपकी विद्यालय पत्रिका विद्यार्थियों को उनकी रचनात्मक प्रतिभा और कौशल को उजागर करने का उचित अवसर प्रदान करेगी।

मैं, विद्यालय पत्रिका के नवीनतम संस्करण को सफल बनाने के लिए विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों, स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा सृजनात्मक और रचनात्मक योगदान देने एवं प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सहयोग प्रदान के लिए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ और उनका अभिनंदन करती हूँ।

(श्रुति भार्गव)

श्री आलोक कुमार तिवारी
प्राचार्य,
केंद्रीय विद्यालय नं.1,
सेक्टर-30, गाँधीनगर

E-mail: dcroahmedabad@gmail.com
Tel: 079-232-61360/60361/60711

**PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA NO. 1**
SECTOR 30, GANDHINAGAR

# संदेश

**सृजन की शक्ति, होती है विध्वंस से बड़ी**
**आशा और उम्मीदों से भरी |**
**शक्ति का नवरूप देकर, उसे उपयोगी बनाती |**
**कल्पना को पर देकर, नव चेतना जगाती |**
**सृष्टि के निर्माण में, सृष्टि के विकास में,**
**अपनी अहम भूमिका निभाती |**

सृजन-कार्य सचमुच एक उपासना है । सृजन आशाओं, उम्मीदों एवं कल्पनाओं से परिपूरित एक ऐसा कार्य है, जो आज के इस यांत्रिक एवं भौतिकवादी युग में अपार शक्ति एवं संभावनाओं को संजोये हुए हैं । बाल-सुलभ मन की कल्पनाशक्ति एवं रचनात्मक क्षमता की बात ही निराली है, अद्भुत है । विद्यालय परिवार द्वारा प्रकाशित ई-पत्रिका 'प्रभा' का प्रकाशन बालक मन की सृजन-शक्ति, एवं क्षमता का अन्यतम उदाहरण प्रस्तुत करता है । पत्रिका में छात्र-छात्राओं ने साहित्य की विविध विधाओं ( कविता, कहानी, आलेख, नाटक हास्य-व्यंग्य उक्तियाँ, पेंटिंग आदि ) के माध्यम से अपने विचारों, भावनाओं व कल्पनाओं को शब्द-बद्ध करने का भरसक प्रयास किया है, जो सराहनीय है । उनके विचार निश्चय ही एक बेहतर समाज की संरचना में अहम भूमिका का निर्वाह करेंगे । मैं सभी तरुण रचनाकारों को साहित्य सृजन हेतु बधाई एवं शुभकामनायें देता हूँ ।

विद्यालय पत्रिका का उद्देश्य बस इतना ही है। यह पत्रिका विद्यालय की गतिविधियों को प्रदर्शित करने के अलावा विद्यालय के लेखकों का आत्मविश्वास भी बढ़ाएगी। इसलिए, मुझे वास्तव में उम्मीद है कि सभी माता-पिता और अन्य हितधारक पत्रिका को पढ़ेंगे और अपनी बहुमूल्य प्रतिक्रिया देंगे ताकि हम और सुधार कर सकें।

हमारे संरक्षक, श्रद्धेय उपायुक्त महोदया श्रीमती श्रुति भार्गव, माननीय श्री वेंकटेश्वर प्रसाद बी.सहायक आयुक्त, माननीया श्रीमती मीना जोशी सहायक आयुक्त को उनके निरंतर मार्गदर्शन और निर्देशन हेतु मैं धन्यवाद देता हूँ ।

श्रीमान व्योमेश रावल, उप-प्राचार्य, डॉ. विजय कुमार साव, पीजीटी (हिंदी) और मुख्य संपादक, श्री नवीन अमीन, टीजीटी(कला शिक्षण) को भी धन्यवाद देता हूं और बधाई देता हूँ, जिन्होंने पत्रिका को डिजाइन किया इसके साथ ही सभी छात्र-संपादकों और अन्य सभी जिन्होंने पत्रिका के प्रकाशन में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से योगदान दिया ।

सधन्यवाद I

**आलोक कुमार तिवारी**
प्राचार्य

# संपादकीय

**हे माली सुकुमार मत तू जान मुझे...**
**इन छोटी-छोटी कलियों से**
**कल में एक फूल बनूँ।**
**इस अनंत बगिया का एक द्रुत बनूँ।**

इन पंक्तियों के माध्यम से मैं उन तरुण रचनाकारों का अभिनंदन करना चाहूँगा, जिनकी रचनाएं छोटे कलेवर में एक कोमल कली स्वरूप विद्यालय पत्रिका के बगिया में प्रस्फुटित हुई हैं। जो आगे चलकर एक फूल बन अपनी प्रतिभा व सृजनात्मकता से कोमल भावनाओं व प्रगतिशील विचारों की सुगंधी से पूरे वाङ्मय को सुवासित करेंगे।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 1, गांधीनगर वह बगिया है, जहां पर विचारों के बीज कल्पनाओं का आश्रय पा कली के रूप में प्रस्फुटित होती है। हमारी यह विद्यालय पत्रिका भी रंग-विरंगी कल्पनाओं, भावनाओं व विचारों के फूलों से आच्छादित है। छात्र-छात्राओं ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति के विविध रूप अपनाएं। कविता, आलेख, लघु नाटक, एवं चित्रकला आदि विधाएँ पत्रिका में अवलोकनीय है। पत्रिका के प्रकाशन के लिए छात्र-छात्राओं ने काफी उत्साह व जोश दर्शाया एवं वृहत् संख्या में हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी की रचनाएं मिलीं। रचनाओं के चयन में मौलिकता, प्रासंगिकता, ज्ञान, सूचना को विशेष ध्यान में रखा गया। पत्रिका के संपादन से लेकर प्रकाशन तक विद्यालय के अविभावक तुल्य प्राचार्य श्री आलोक कुमार तिवारी जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ और यह पत्रिका अपना यह स्वरूप ग्रहण कर पायी। मैं पूरे संपादक मंडली की ओर से उनका हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ। सहयोगी संपादक-मंडली के प्रति विशेष आभार प्रकट करना चाहूँगा, जिनके अथक प्रयास से पत्रिका अपने सुंदर कलेवर में है। विद्यालय संपादक- मंडली के छात्र-छात्राओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करना चाहूँगा जिनके प्रयास से रचनाओं का संकलन एवं टंकण का कार्य संभव हो सका। अंतत: विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकवृंद, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थियों को अतिशय धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से पत्रिका के सम्पादन एवं प्रकाशन में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। मैं यही कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा कि पत्रिका में जो बेहतर है, वह विद्यालय परिवार की मेहनत है और जो कमियों रह गई है वह संपादक की अल्पज्ञता है। आपके सुझाव और प्रतिक्रियाएँ हमारा मार्गदर्शन करेंगी। पत्रिका आपके हाथ में है। आपके सुझावों का स्वागत है।

**डॉ. विजय कुमार साव**
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)

## स्वच्छता पखवाड़ा

# 1 सितंबर से 15 सितंबर-2023

छात्र-छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं सचेतनता लाने हेतु 1 सितंबर से 14 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# शिक्षक दिवस

**गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु: गुरुर्देवो महेश्वर:।**

**गुरुर्साक्षात परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नम:।।**

उपर्युक्त संदेश को छात्र-छात्राओं में संचारित करने हेतु भारत के प्रथम उप-राष्ट्रपति एवं प्रथम शिक्षा मंत्री डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म तिथि 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं। विद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । विद्यालय के बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्रायें शिक्षक-शिक्षिका की भूमिका में नज़र आए।

# JANMASTHMI CELEBRATIONS

Krishna Janmashtami, the festival that celebrates the birth of Krishna, the eighth avatar of Vishnu was observed in KV NO. 1 Sector 30 Gandhinagar with a lot of excitement and fervour.

This day marks the passionate love for Little Kanha from all his devotees. The students of primary section experienced the joy beyond measure in holding the rope and cradling Krishna's idol, which was set up in the Krishna Corner created for this day.

All the students relished the delicious prasaad and wished the deity a Happy Birthday. While the little ones made beautiful crafts of a crown which had a peacock's feather in it to impersonate Krishna, the students of class I and II enthusiastically participated in an Inter class fancy dress competition based on the festival.

The corridors of the school were echoing with sounds of bhajans like 'Choti Choti Gayian' and 'Mere laddoo Gopal' to celebrate this special day.

The teachers narrated incidents from Kanha's life and enlightened children about the values that they can learn from his experiences. The sparkling festival was commemorated in a beautiful manner leaving Krishna's teachings as a guiding light for all of us to follow.

# प्रथम चिकित्सा जाँच

गांधीनगर महानगर पालिका द्वारा विद्यालय में छात्र-छात्राओं के चिकित्सा जाँच हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत कक्षा 1 से 12 तक छात्र-छात्राओं के मूलभूत शारीरिक परीक्षण किया गया।

# हिंदी पखवाड़ा

प्रशासनिक एवं कार्यालयी कामकाज़ में राजभाषा हिंदी के प्रयोग एवं प्रचार-प्रसार हेतु गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग एवं केन्द्रीय विद्यालय संगठन के निर्देशानुसार विद्यालय में14 सितंबर से 29 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया । 14 सितंबर को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं कार्यालय कार्मिकों हेतु विविध प्रतियोगिताओं हिंदी कविता पाठ, निबंध लेखन, हिंदी सामान्य ज्ञान आदि का आयोजन किया गया।

# पोषण माह

भारत सरकार की प्रमुख पहल, पोषण अभियान ने गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पोषण संबंधी परिणामों को व्यापक रूप से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अभियान के तहत विद्यालय स्तर पर विविध कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# अमृत कलश यात्रा - मेरी माटी मेरा देश

विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक वृन्द द्वारा प्राचार्य महोदय श्री आलोक कुमार तिवारी के दिशा-निर्देश न में आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का समापन 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान के अंतर्गत 'अमृत कलश यात्रा' का आयोजन करके किया गया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में अमर स्वतंत्रता सेनानियों एवं देश की रक्षा में सीमाओं पर तैनात जवान शहीदों के त्याग एवं बलिदान के भाव-बोध को जगाना है । इस गौरवमय क्षण पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा अमृत कलश यात्रा निकाली गई । इस कलश यात्रा में लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया । तदुपरांत आदरणीय प्राचार्य जी के द्वारा छात्र- छात्राओं एवं शिक्षकों को पंच प्रण शपथ दिलवायी गई एवं अपनी ओजस्वी वाणी से छात्र- छात्राओं को राष्ट्र प्रेम एवं देशभक्ति का संदेश दिया गया । 'मिट्टी को नमन एवं वीरों का वंदन' के तहत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके उपरांत छात्राओं के द्वारा अमृत कलश यात्रा निकाली गई । अंततः कार्यक्रम का समापन मातृभूमि की रक्षा में शहीद हुए अमर सेनानियों और सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धांजलि एवं उनके सम्मान में विद्यालय परिवार के द्वारा विद्यालय परिसर के वाटिका में वृक्षारोपण कर किया गया।

# वीर गाथा प्रोजेक्ट 3.0

वीर गाथा प्रोजेक्ट 3.0 के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर कक्षा 3 से 12 के छात्र-छात्राओं के लिए 1 सितंबर से 14 सितंबर 2023 के मध्य विविध गतिविधियाँ आयोजित की गई। काव्य लेखन, अनुच्छेद लेखन, चित्रांकन एवं मल्टीमीडिया प्रस्तुति आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई।

# SAY NO TO DRUGS

नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत लायंस क्लब गांधीनगर फेमिना के द्वारा "SAY NO TO DRUGS" पर एक वार्तालाप सत्र का आयोजन कक्षा नौवीं से बारहवीं के छात्र-छात्राओं हेतु किया गया I छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गयाI

# index

1. Hindi Section 17

2. English Section 37

3. Sanskrit Section 55

4. Art Section 67

# हिन्दी विभाग

# सब कहते हैं.....

सब कहते हैं- छोडो ये घर, चलते हैं,
एक नए घर।
मैं कहती हूँ , "मैं जन्मी हूँ इस घर में"
उस नए घर में –वो बात कहाँ?
फिर भी,
सब कहते हैं- छोडो ये घर, चलते हैं,
एक नए घर।
नहीं कोई, जो मुझे समझे,
जिसे मैं समझती हूँ अपना, वो भी समझाकर चले जाते।
ये घर ही तो है जो समझता है मुझे।
मैं घर का दिल, घर मेरा दिल !
क्या वो शरीर ! जिसके अन्दर दिल न हो।
फिर भी,
सब कहते हैं- छोडो ये घर, चलते हैं,
एक नए घर।
बचपन में पेंसिल से खिंची गईं लकीरें,
मन्नत और प्यार की डोरियों से कम कहाँ!
वो दीवारें गुस्से में खुद को पीटने का हथियार लगती,
वो दीवारें ख़ुशी के पलों को सहेजकर रखती।
क्या इंसान है वो जो घर को बनाता और फिर छोड़ जाता।
सीख लें हम इस घर से जो बनते समय भी
उसकी मिटटी साथ रहती
और तोड़ने के बाद भी
फिर भी
सब कहते हैं- छोडो ये घर, चलते हैं,
एक नए घर।

**हरप्रीत,दसवीं-ब**

# गर्मी

गर्मी- गर्मी कहते हो !
गर्मी के लिए क्या करते हो?

पृथ्वी को बचानी है,
ढेर सारे पेड़ लगानी है ।

कृतिम वर्षा नहीं करानी है,
अरब देश नहीं बनानी है।

ए.सी नहीं चलानी है।
पृथ्वी को बचानी है।।

पेड़ गर्मी कम करता है,
मौसम सुहाना बनाता है।

हर मौसम में पेड़ लगानी है,
घरती में हरियाली लानी है।।

-

ज्योतिरादित्य देबनाथ
कक्षा दूसरी ब

## आगे बढ़ना है.....

फूलों भरी राहों के लिए,
कांटों पर भी चलना होगा।
अगर आगे बढ़ना है तो,
तूफानों से भीड़ना होगा।
मंजिलों को पाने के लिए,
हर मुश्किलों का सामना करना होगा।
ख्वाबों को सजाने के लिए खतरों से भी लड़ना होगा।
लहरें काट सकती नहीं, रास्ता मेरा,
डूबती कश्ती से ही समंदर पार करना होगा।
माना यह सफर है बड़ा मुश्किल,
मुस्कुराते हुए  उन राहों से मुझे तो गुजरना होगा।
चट्टानें होती हैं, हर मोड़ पर खड़ी,
तोड़कर राहें तैयार करना होगा।
मंजिलों को पाने के लिए,
हर मुश्किलों का सामना करना होगा।
आगे बढ़ना होगा .....

कक्षा: तीसरी (स)
प्रांजल पटेल

# प्यारे बच्चें

हम बच्चे हैं भोले भाले,
कितने अच्छे कितने प्यारे ।
जब हम स्कूल में आये नये-नये
हम रहते थे डरे-डरे ।
गणित लगता था एक पहेली,
अब लगता जैसे हैं सहेली।
अंग्रेजी लगता था डरावना,
हो गया अब मन लुभावना ।
हिंदी की क्या बात बताए,
मात्राओं ने कर रखा था परेशान ।
अब 'क ख ग' से हो गयी यारी,
हिंदी से हो गया दुलार ।
EVS को मैडम ने आस-पास जब दिखलाया,
ये देख-पढ़ मेरा मन अंदर ही अंदर मुस्काया ।
अब बात उसकी आती,
जो हमारे मन को है नचाती ।
खेलकूद का पिरियड़ जब आता,
दिल अंदर से खुश हो जाता ।

जीया
कक्षा – दूसरी –अ

# ॥ बारिश आयी ॥

आसमान पर छाये बादल,
चारों ओर गूंजे संगीत के मीठे बोल ।।

बारिश आयी, बचपन की यादें लायीं,
दिल को हर पल नयी उम्मीदें दिखाई ॥

मस्ती भरी बारिश में, छाता करता टप-टप-टप,
नाचा मोर पंख फैला के झप-झप झप।
सारे बच्चे करते छप - छप - छप ॥

हम बच्चों के मन को भाया।
बारिश ने हमको बहुत भिगाया ।।

भूमि अग्रवाल
कक्षा - पाँचवी "ब"

# सफलता

तू सोच मत कि तू नहीं कर पाएगा
बस मेहनत कर तू सफल हो जाएगा।
मन में वो जो तूफ़ान है, एक दिन वो भी खत्म हो जाएगा
तू विश्वास रख तू यह भी कर पाएगा ।
यदि तू पूछता है कि वो दिन कब आएगा
जिस दिन यह युद्ध खत्म हो जाएगा
तो,जिस दिन तू समझ पाएगा
जिस दिन तू परख पाएगा
उस दिन तू संभल पाएगा।

माना मार्ग कठिन है
माना ये मान लेना कठिन है ,
मगर तू खुद को एक बार जगा तो सही
तू खुद को एक बार मना तो सही
तू अपनी दृष्टि तो बदल तेरी सृष्टि बदल जाएगी।
तू बस सोच मत कि तू नहीं कर पाएगा
बस कोशिश कर, तू सफल हो जाएगा ।

रूक मत नहीं तो तू खो जाएगा
झुक मत नहीं तो तू सबका उपहास बन जाएगा।
किस्मत थामे मत बैठ, तू पीछे छूट जाएगा
रोते रोते ना जाने कहाँ को जाएगा ।

हार गया तो ज्यादा से ज्यादा क्या हो जाएगा
हिम्मत मत हार तू वापस बल पाएगा।
बढा लेना वो कदम वापिस
कर लेना वही गुज़ारिश
समझ लेना क्या भूल थी
जो उस समय मंजूर थी।
हार तो बस एक ज़रिया है जीत का
कैसे अनुमान होता तुझे इस बात का
अगर तू कभी हारता ही नहीं
अगर तुझे कोई बतलाता ही नहीं।

जिस दिन, तू सफल हो जाएगा
उस दिन तू पहला पद लेकर ही जाएगा।
उस दिन तेरे तेज से सूर्य भी छिप जाएगा
तेरे मुस्कान से यह संसार मुस्कुराएगा।
तू सोच मत कि तू नहीं कर पाएगा
बस मेहनत कर तू सफल हो जाएगा ।

सृष्टि

कक्षा – ९ 'अ'

# घर

घर हैं क्या?
वह रिश्तों में छुपी भावना है
घर बनता है घरवालों से
न की चार दीवारों से।

घर होता है सबका प्यारा ,
सबसे अच्छा सबसे न्यारा
मिलती जहाँ दिनभर की थकान से शांति ,
अलग अलग होकर भी है सब एक भांति ।

रहते है सब यहाँ मिल जुलकर
मानते है हर खुशी साथ रहकर
घर कोई मकान नहीं है एक एहसास
जो होता है सबके दिल के खास ।।

**तिथि बाघेला**
**कक्षा -११ 'ब'**

# 'विलोम' शब्द गीत

दाएँ-बाएँ, पीछे-आगे
यहाँ-वहाँ, रुके-भागे

इधर-उधर, आज-कल
हल्का-भारी, स्थिर-चंचल

मोटा-पतला, चुस्त-ढीला
ज्यादा-कम, सुस्त-फुर्तीला

ज्ञान-अज्ञान, सत्य-असत्य
ज्ञानी-अज्ञानी, गुरु-शिष्य

रात-दिन, अंधकार-प्रकाश
नीचे-ऊपर, धरती-आकाश

पढ़ना-लिखना, सुबह-शाम
अल्प-अधिक, काम-आराम

एक- अनेक, निर्बल-सबल
जोड़-तोड़, कठिन- सरल

माता-पिता, ठोस-तरल
सूर्य-चन्द्रमाँ, गर्म-शीतल

ज्योत भटासणा
कक्षा-७ 'ब'

# लघु नाटक

## स्कैम कॉल

टीना: यह कॉल किसका आ रहा है... इसमें नाम तो नहीं दिख रहा ....अच्छा याद आया मम्मी पापा ने बाहर जाते हुए कहा था कि अगर उनका फोन बंद हो गया तो, वे चाचा जी के फोन से कॉल करेंगे। (कॉल उठाने के बाद): हैलो... कौन?

स्कैमर : हैलो बेटा... आपके मम्मी-पापा कहाँ हैं?

टीनाः मम्मी-पापा तो घर पर नहीं हैं। आप कौन?

स्कैमर: बेटा, मैं के.बी. सी. से बात कर रहा हूँ।

टीना: के. बी. सी. मतलब..... "कच्चा बादाम कंपनी?"

स्कैमर : नहीं, नहीं ! बेटा, के.बी.सी का मतलब "कौन बनेगा करोड़पति।"

टीना: अच्छा आप वहीं हैं, जिनकी वजह से मेरी रोज बेइज्जती होती है, क्योंकि मुझे किसी प्रश्न का उत्तर आता ही नहीं है।

स्कैमर : (मन में) ओह ! यह किस बच्चे से पाला पड़ गया। (जोर से) बेटा आपको बस 3 प्रश्नों का उत्तर देना होगा I अगर तुम तीन प्रश्नों का उत्तर दे दी तो.. टी-वी पर के. बी. सी. आने का मौका मिलेगा। आप कोशिश किजिए।

स्कैमर : पहला प्रश्न, भारत के 13वें राष्ट्रपति का नाम बताइए।

टीना: उनके बारे में मैंने पढ़ा था... कुछ मुखर्जी था...याद क्यों नहीं आता I हाँ.... रानी मुखर्जी।

स्कैमर: रानी मुखर्जी ?

टीनाः क्यों वे नहीं हैं?

स्कैमर: नहीं, नहीं, वही हैं।

स्कैमर: अगला प्रश्न- भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री का नाम बताइए।

टीना: उनको तो मैं रोज टी वी में देखती हूँ। असीत मोदी।

स्कैमर : (आश्चर्य से) आसीत मोदी!

टीना: क्यों वे नहीं है?

स्कैमर: नहीं, नहीं बेटा वही है।

स्कैमर: (मन में) आजकल के बच्चों को देश -दुनिया की कुछ खबर ही नहीं है। (जोर से) अगला और आखरी सवाल जो बाइडन से पहले अमरिकी राष्ट्रपति का नामा बताइए।

टीना: मैंने, उन्हें कई बार टी.वी. में देखा है। इसका जवाब होगा-मैक्डोन्ल्डस !

स्कैमर : मैक्डोन्ल्डस!

टीनाः क्यों वे नहीं हैं?

स्कैमर: नहीं, नहीं, वही हैं I उनके अलावा और हो भी कौन सकता है, बेटा I आपने सारे सवालों के जवाब ठीक दिए हैं। अब आप मुझे आपके पापा के ए. टी. एम. का नंबर बताइए।

टीना: 100

स्कैमर : आगे.....

टीना: आगे आप इस नंबर पर कॉल लगा लिजिए I आपको सब पता चल जाएगा I

स्कैमरः मतलब ?

टीना: मतलब मुझे पता है कि आपलोग जैसे स्कैमर झूटे काल करके बच्चों से धोके से ए टी एम का नंबर लेकर या ओ टी पी लेकर पैसे चोरी कर लेते हैंI मम्मी ने आप जैसे ठगी करने वाले लोगों के बारे में बताया था I ( हँसते हुए) अगली बार स्कैम कॉल करने के पहले ध्यान रखना कि कहीं मैं वही तो नहीं हूँ !

टीना : ओके अंकल .....टाटा !

स्कैमर: (आश्चर्य से सर धुनते हुए) आजकल के बच्चे हमें भी जानने लगे हैं !

**सामसे**

**कक्षा – ग्यारहवीं 'स'**

# आत्म मंथन : आंतरिक अमृत

आत्म मंथन अर्थात् अपने विचारों, भावनाओं और कार्यों की गहराई की क्षमता को जानना । यह एक ऐसी प्रक्रिया है,जिसमें मनुष्य अपने मन का सागर मंथन कर अपनी आतंरिक शक्तियों से अपना परिचय करता है। आज इस समय मनुष्य पृथ्वी छोड़ ब्रह्माण्ड को जानना चाहता है परन्तु अपने आप को जानने से कतराता है। आत्म-मंथन मनुष्य को अपने आप को बेहतर ढंग से समझने का अवसर प्रदान करता हैI इससे मनुष्य अपने जीवन में कई सकारात्मक बदलाव ला सकता है I

जीवन की हर परीक्षा में सफ़लता प्राप्त करने के लिए मेहनत, कार्य कुशलता एवं आत्म मंथन जरुरी है, क्योंकि आत्म मंथन हमें हमारी शक्तियों एवं कमजोरियों से अवगत कराता है और उनको सुधारने का अवसर प्रदान करता है I आवश्यकता के हिसाब से हम अपनी क्षमताओं को विकसित भी कर सकते हैं I

मानसिक विकास के लिए आत्म मंथन एक महत्वपूर्ण साधन है। यह व्यक्ति को अपने विचारों और भावनाओं के प्रति जागरूक बनाता है। आत्म मंथन के माध्यम से हम अपने मन उठने वाले संदेह, भय और नकारात्मकता को पहचान कर दूर कर सकते हैं। इसके अलावा आत्म मंथन के कई और लाभ भी हैं- निर्णय लेने की क्षमता में सुधार, मानसिक शान्ति एवं एक सकारात्मकत सोच का विकास ।

आत्म मंथन एक ऐसी विधि है जो हमें अपने जीवन के गहरे अर्थ और उद्देश्य की ओर ले जाती है। यह हमारे जीवन के गहरे अर्थ और उद्देश्य कि और ले जाती है I यह हमारे जीवन को एक नई दिशा प्रदान करती है I इसलिए आत्म मंथन को हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की आवश्यकता है ताकि हम सच्चे अर्थो मे आत्म साक्षात्कार कर सकें ।

# विकसित भारत 2047

वर्ष 2047 में भारत के लिए मेरा दृष्टिकोण समृद्धि और समावेशिता का है, जहां गरीबी समाप्त हो गई है, और प्रत्येक नागरिक अपने घरों में रहता है। सड़कें भिखारियों से मुक्त हो गई हैं, और झुग्गियों को सामुदायिक अपार्टमेंट में बदल दिया गया है, जो पहले से हाशिए पर रहने वाले लोगों के लिए सम्मानजनक रहने की स्थिति प्रदान कर रहा है।

भारत पहले से ही विकास की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। उदाहरण के लिए, 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करना एक उल्लेखनीय उपलब्धि थी, जिसने वैश्विक मंच पर हमारे देश के बढ़ते प्रभाव को प्रदर्शित किया।

मैं 2047 तक एक ऐसे भारत की कल्पना करता हूं जो जातिगत भेदभाव जैसी सामाजिक बुराइयों से मुक्त हो, जो अक्सर हमारी प्रगति में बाधा बनती हैं। जाति, लिंग, नस्ल या आर्थिक पृष्ठभूमि पर आधारित भेदभाव सामाजिक सद्भाव और विकास को कमजोर करता है। मुझे उम्मीद है कि 2047 में ये पूर्वाग्रह अतीत की बात हो जाएंगे और उनकी जगह समानता और समावेशिता ले लेगी।

इसके अलावा, मैं 2047 में भारत के राजनीतिक भ्रष्टाचार से मुक्त होने की आकांक्षा रखता हूँ। मैं एक ऐसे राजनीतिक परिदृश्य की कल्पना करता हूँ, जहाँ नेता आलोचना और विभाजन में उलझने के बजाय देश की भलाई के लिए मिलकर काम करें।

भारत में बुनियादी ढांचा अत्याधुनिक होना चाहिए, जो ऊर्जा की बर्बादी को कम करने और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों द्वारा समर्थित हो। एक अच्छी तरह से विकसित बुनियादी ढांचा हमारी निरंतर प्रगति के लिए महत्वपूर्ण होगा।

किसी भी राष्ट्र की ताकत उसके नागरिकों में निहित होती है, विशेषकर शिक्षित और सतर्क युवाओं में। इसलिए, 2047 में भारत के लिए मेरे दृष्टिकोण में एक ऐसी आबादी शामिल है जो न केवल शिक्षित है, बल्कि देश की वृद्धि और विकास में योगदान देने के लिए भी समर्पित है।

कनिका शर्मा
बारहवीं-स

# राष्ट्रभाषा हिन्दी के कुशल प्रणेता काका कालेलकर

---

भारतीय धरा पर राष्ट्रभाषा हिन्दी की नींव मज़बूत करने तथा एक कुशल प्रणेता की भाँति अहिंदी प्रदेशों में हिन्दी प्रयास का कालेलकर काका में प्रेमियों-हिन्दी वाले करने प्रसार-प्रचार का भाषा- -था कहा उन्होंने में अधिवेशन के भास प्रचार हिन्दी भारत दक्षिण में 1938 सन् है। अतुलनीय"राष्ट्रभाषा प्रचार हमारा राष्ट्रीय कार्यक्रम है।"1 कालेलकर जी का यह वक्तव्य कोई कोरी अवधारणा नहीं थी, बल्कि आजीवन उन्होंने राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रचार को राष्ट्रीय कार्यक्रम का दर्जा दिया और इसके लिए अथक प्रयास करते रहे। गांधीजी जब दक्षिण अफ्रीका से लौटे और शांतिनिकेतन गए, जहाँ उनकी भेट दत्त बाबू, पूरा नाम दत्तात्रेय बालकृष्णन कालेलकर से हुई। तभी गांधी की दूरदृष्टि एक जौहरी की भांति इस नायाब हीरे की पहचान कर चुके थे कि काका कालेलकर ही हैं, जो राष्ट्रभाषा हिन्दी का सजग प्रहरी हो सकता है और अहिंदी प्रदेशों में राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रचारसौपा इन्हें भार दायित्व का प्रसार- जा सकता है। यही वजह है कि गाँधीजी ने काका साहेब को गुजरात शिक्षा परिषद् के दूसरे अधिवेशन में उपस्थित रहने का आग्रह किया और इसके लिए को लिखने निबंध एक पर विषय "है सकती हो भाषाराष्ट्र की देश इस हिन्दी" लिया। कर स्वीकार प्रस्ताव यह का गांधीजी उन्होंने । कहाइस प्रकार एक मराठी, एक गुजराती के कहने पर हिन्दी के प्रति समर्पित हो गया। काकासाहेब का इस संदर्भ में कहा भी कि कल्पना मुझे समय उस" – सन् था गया लिखा लेख यह है। वाला करने परिवर्तन का महत्त्व में भाग्य मेरे निबंध यह कि थी नहीं भी "में। दिनों आखिरी के 19172

राष्ट्रभाषा हिन्दी का प्रचार करने की उनकी अपनी अनोखी पद्धति थी और उसकी गंध उनके लेखों में सर्वत्र मिलती है। हिन्दी क्यों, अंग्रेजी क्यों नहीं इसका विवेचन करते हुये वे कहते हैं -"अंग्रेजी जानने वाले अपनी एक अलग जाति बनाते हैं, दूसरी भाषाएँ सीखते नहीं। अपनी जन्मभाषा तो बचपन से ही सीखनी पड़ी, नहीं तो उसे भी नहीं सीखते।"3 काका साहेब हिन्दी को स्वीकार करने के दो प्रमुख कारण मानते थे। एक तो उसकी लिपि नागरी है जो संस्कृत की लिपि होने के कारण सर्वत्र भारत में फैली हुई है। दूसरा कारण यह है कि सभी प्रान्तों के संतों ने उसे अपनाया है।

विष्णु प्रभाकर काकासाहेब की हिन्दी भाषा के प्रति उनकी निष्ठा एवं साधना को रेखांकित करते हुये लिखते हैं -"बहुत गहरे डूबे थे काकासाहेब। हिन्दी के माध्यम से वे 'एकात्म' साधना चाहते थे। समन्वय की भाषा हिन्दी ही हो सकती है, इसीलिए हिन्दी उनसे चिपक गयी थी। नहीं उन्हें ने जगत हिन्दी ..... करते कैसे वे तब सम्मान उचित उनका पहचाना।? उन्होंने हिन्दी को नया भंडार दिया। मुहावरे दिये, मौलिक उद्भावनाएं दीं। उनका विपुल साहित्य शिक्षा, संस्कृति, धर्म, राजनीति, भाषा, भूगोल, खगोल और इतिहास सभी मौलिक चिंतन से ओतहै विशेषता और एक उनकी है। प्रोत-, किसी भी वस्तु को व्यापक संदर्भ में देखने की दृष्टि। यही समग्रता है। समग्रता में ही किसी को उसके सही रूप में समझा जा सकता है।"4

एक समय जब काका साहेब गुजरात विद्यापीठ के काम के साथ ही गुजरात छोड़ने का निर्णय लिया, तब बापू बहुत नाराज हुये और अंतत साहेब काका लिए के करने प्रचार का हिन्दी में प्रांत दक्षिण :

काकासाहेब 'मेरी जीवन यात्रा' में लिखते हैं -"गांधीजी के विचार के मुझे दो महत्व के कार्य करने थे, प्रथम मुझे दक्षिण में जाकर वहाँ का हिन्दी प्रचार का काम अधिक व्यवस्थित और मजबूत तरीके से करना था। दूसरे, उसके लिए दक्षिण के स्थानीय लोगों से पैसे एकत्र करके राष्ट्र भाषा प्रवृत्ति की जड़ दक्षिण भारत के लोगों के जीवन में पहुंचानी थी। सन् १९३४ के दिसम्बर के प्रारम्भ में उन्होंने यह काम मुझे सौंपा। दक्षिण में सर्वत्र घूमकर 'भारतीय संस्कृति को व्यक्त करने वाली', और '१२ करोड़ लोगों की जन्म भाषा' हिन्दी को राष्ट्रभाषा स्वीकारने में भारतीय संस्कृति समर्थ और परिपुष्ट होगी, यह समझाने का काम दो महीने चलाया। पैसे भी ठीककिये एकत्र ठीक-। सन् १९३४ के अन्त में शुरू किये उस काम को दो"आया। वापस वर्धा में करके पूरा में महीने एक-5

हिन्दी भाषा के प्रचार हेतु जब वे दक्षिण भारत स्वागत कहकर यह उनका तो पहुँचे में (केरल) -है उल्लेखनीय प्रतिक्रिया की काकासाहेब पर इस "नॉर्थ। दी फ्राम इन्वेजन आर्यन एनअदर" कि हुआ "उत्तर भारत से दक्षिण पर एक चढ़ाई लेकर आए हैं, ऐसा कहकर मेरा विरोधी स्वागत देखकर मुझे मजा आया। एक साथी ने पूछा,करेंगे क्या अब" ?" उनकी आवाज में उलझन भरी हुई थी। मैंने कहा, मैं इसका" "ही। हूँ तो शास्त्री-शिक्षण मैं आखिर उठाऊँगा। फायदा पूरा6 गौरतलब है कि इतना सख्त विरोध होने के बावजूद भी काका साहब ने उन्हें एकत्र लाने का प्रयास किया। और कहा-" भाइयों, आपने भूल की है, मैं न तो हूँ उत्तर का, न दक्षिण का। मैं तो उत्तर और दक्षिण के बीच मध्य का हूँ। (का तरफ़ की पश्चिम जरा) हम कि हैं जानते आप रोकेंगे। उनको ही हम में बीच तो बोलें धावा पर दक्षिण यदि लोग के उत्तर सब को महराष्ट्रियों'दक्षिण' कहते हैं। हिन्दी राष्ट्र भाषा भले ही हो, किन्तु मेरी जन्म तो भाषा-'महाराष्ट्री' है। उत्तर की फ़ौज लेकर मैं धावा क्यों बोलूँलड़ूँगा नहीं विरुद्ध के उत्तर मैं क्या करके नेतृत्व ही आपका !?"7

काका कालेलकर जी अंग्रेजी के प्रभुत्त्व को समाप्त करने तथा राष्ट्रभाषा और प्रांतीय भाषा के समागम के महत्त्व को रेखांकित करते हुये कहते हैं कि "मैं आपसे कहने आया हूँ कि अब हम ब्राह्मणों का मुल्लाओं का अथवा अंग्रेज आई.सी.एस .या मिशनरियों का राज्य नहीं चाहते। हम भारतीय प्रजा का राज्य चाहते हैं। यह राज्य प्रजा की भाषा में चलना चाहिए। केरल का राज्य न चलना चाहिए अंग्रेजी में, न चलना चाहिए हिन्दी में। वह तो मलयालम में हो चलना चाहिए।"8

आगे वे हिन्दी को राष्ट्रीय एकता एवं प्रतिष्ठा का प्रतिरूप मानते हुये लिखते है -"और भारत की एकता संभालनी है न ? वह शक्य होगा राष्ट्रभाषा द्वारा। बिना एकता के नहीं टिक सकेगी हमारी स्वतन्त्रता, और न टिक सकता है हमारा सामर्थ्य। दुनिया में हमारे देश की प्रतिष्ठा भी नहीं जम पायेगी और इस देश की भाषाओं में जिस भाषा को बोलने वालों की संख्या सबसे अधिक होगी और जो भाषा समस्त जनता के लिए आसान होगी, ऐसी स्वदेशी भाषा ही राष्ट्रभाषा बन सकेगी। इसलिए मैं आपको कहने आया हूँ कि मलयालय की मदद में, उत्तर भारत की जनता की भाषा हिन्दी 'एक जरूरी दूसरी भाषा के तौर पर आप सीख लें और फिर शंकराचार्य की तरह उत्तर भारत पर धावा बोल दें। आपको सिर्फ़ आत्मरक्षा करनी है या सर्वसंग्राहक एकता का धावा लेकर सर्वत्र पहुंचना है?"9

आगे वे 'हिन्दी यानी उत्तर का आक्रमण' अध्याय में दक्षिण प्रान्तों के लोगों की इस शंका का निवारण करने का भरसक प्रयास करते हैं कि हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाना उनकी प्रांतीय

भाषा की अस्मिता के संकट का मसला नहीं, अपितु अखिल भारतीय एकता का मसला है। इसके लिए वे आद्य शंकराचार्य का उदाहरण रखते हैं कि उत्तर की भाषा सीखकर उत्तर के शास्त्रों में प्रवीण दिग्विजय चलाया और देश के चारों छोरों पर आध्यात्मिक मठों की स्थापना की। जो राष्ट्रीय सांस्कृतिक- हैं कहते वे है। परिचायक का एकता"आप संस्कृत उत्तम जानते हैं। संस्कृत उत्तम तरीके से सीख रहे हैं। उत्तर भारत से डरकर यदि आप दक्षिण भारत के लोग अलग रहेंगे और अंग्रेजों की छत्रछाया में रहना चाहेंगे तो देश के आप टुकड़े करेंगे। फिर एक चला में हाथ के राष्ट्र जबरदस्त भिन्न-भिन्न टुकड़ा एक- क टालने सब यह जायेगा।े लिए उत्तर की प्रजाकीय भाषा सीखकर उसका प्रचार करने का काम आप से लीजिए। जो काम एक समय श्री शंकराचार्य ने किया, वही आज आपको दूसरे ढंग से करने का है; किन्तु उसके लिए अखिल भारतीय एकता का आग्रह आपको संभालना होगा। यह मैंने उत्साहपूर्वक उनको कहा। उनका सारा विरोध तो पिघल हो गया; किन्तु केरल में हिन्दी प्रचार का काम उन लोगों की ही सहायता से पूरे जोश में शुरू हो गया।"10

उनका यह कहना कि" -मेरा भाग्य हिन्दी के भाग्य के साथ जुड़ गया"1 1तथा तो अब"यह मेरा जीवन- "गया। बन सा-कार्य12 – उनके हिन्दी भाषा के प्रति समर्पण भाव को दर्शाता है।

काका साहेब यह ज्ञात था कि विविधता में एकता यही भारत वर्ष का जीवन मन्त्र है। भारत वर्ष के विविध प्रान्तों में ऐसा ही हार्दिक ऐक्य हिन्दी भाषा के द्वारा हो सकता है। वे बहुत आशान्वित थे कि कर्नाटक की भाई हिन्दी में विशेष प्रगति करेंगे और नागरी लिपि को अपनी घर को बनायेंगे ऐसी आशा रखता हूँ।

वे स्पष्ट कहते हैं कि " –अब हमें समझना चाहिए कि देकर दुहाई की नाम के गांधीजी (१) हिन्दी में संविधान भारतीय से प्रयत्न के गांधीजी (२) है। नामुमकीन अब करना प्रचार का हिन्दी राष्ट्रभाषा उ है मिला स्थान जो कोस संविधान की दुहाई देकर भी हम हिन्दी का प्रचार सफलतापूर्वक नहीं कर सकेंगे। (३ बहुमती) की संख्या प्रचंड की लोगों वाले जानने और वाले बोलने हिन्दी (की आगे दलील ( राज्य का अंग्रेजो और सकेगी बन जरूर राष्ट्रभाषा हिन्दी सकेंगे। कर नहीं फैलाव का हिन्दी हम भी करके जरूर हटेगा। लेकिन उसकी शर्तों का पालन निष्ठा से करना होगा। (४ को लोगों अभिमानी के हिन्दी ( उत्साह पूरे वाले हिन्दी होगी करनी मदद को भाषाओं प्रादेशिक और प्रांतीय खिलाफ के राज्य के अंग्रेजी उन उन लिए के उन्नति की साहित्य उनके और को भाषाओं प्रादेशिक की भारत सेप्रदेशों में जाकर उत्तम सेवा करें। (५ इतना अगर दें। छोड़ पर लोगों भाषी अहिन्दी के राष्ट्रीयवृत्ति काम का प्रचार राष्ट्रभाषा और ( "रहेगी। ही कर बन राष्ट्रभाषा हिन्दी समय यथा तो किया1 3काकासाहब ने मुख्य रूप से तीन भाषाओं में लिखामराठी -, गुजराती और हिन्दी । लगभग 125 पुस्तकें इन्होंने लिखी I हिन्दी मे लिखी पुस्तकों की संख्या चालीस के लगभग है।

उपर्युक्त तथ्यों का विवेचन और विश्लेषण करने के उपरांत यह कहा जा सकता है कि काकासाहेब कालेलकर राष्ट्रभाषा हिन्दी के सजग प्रचारक होने के साथ थे। भी प्रणेता कुशल एक साथ- गाँधीजी की प्रेरणा स्वरूप उनके हृदय में हिन्दी राष्ट्रभाषा रही। प्रदीप्त आजीवन वह ,जली ज्योति की प्रेम- माजस प्रेमी-हिन्दी प्रति के भाव समर्पण एवं कार्य गए किए द्वारा उनके के में रूप के प्रचारक हिन्दी की कालेलकर काका भक्त अनन्य के हिन्दी रहेगा। ऋणी उनका हमेशास्पष्ट अवधारणा थी कि जिसे हम राष्ट्रभाषा कहते हैं होनी राष्ट्रभाषा" है। शक्तिशालिनी लिए के करने सिद्ध एकता भावात्मक की देश वह ,

'लेंग्वेज ऑफ इंटीग्रेशन'- भावात्मकएकता सिद्ध करनेवाली भाषा।14" आज हम पर दूसरा ही संकट कायम है, गाँधीजी और काकासाहेब ने राष्ट्रभाषा के लिए जो परिवेश तैयार किए थे, वह आज नहीं हैं। राष्ट्रीय संविधान में हिन्दी को जो स्थान दिया गया था, वह आज तत्त्वत हिन्दी है। नहीं :वस्तुत है। कायम : उठाकर लाभ का परिस्थिति इस है। रहा कर नहीं काम एंजीन जानेवाली ले आगे को अंग्रेजी आगे बढ़ रही है। ऐसी परिस्थिति में हम हिन्दी को सर्वमान्य और सर्वसमन्वयकारी शैली प्रदान कर हिन्दी को आगे बढ़ा सकते हैं। हम हिन्दी द्वारा कालेलकर काका और गाँधी महात्मा तथा लेकर संकल्प नया को प्रेमियों- गए सुझाए हेतु प्रसार-प्रचार के हिन्दी राष्ट्रभाषा विचारों पर पुनर्विचार करने की जरूरत है।

**डॉ साव कुमार विजय .**
**स्नातकोत्तर शिक्षक(हिंदी)**

# स्थानांतरण

केन्द्रीय विद्यालय में शुरू हुई
फिर स्थानांतरण की बेला |
चर्चा-परिचर्चा, विचार-विमर्श,
हर तरफ शिक्षकों का मेला ||

कहीं उत्सुकता, आकांक्षा, अभिलाषा,
तो कहीं पर छाई घोर निराशा |
किसी को अन्यत्र जाने का डर हैं,
तो कहीं हैं घर आवन की आशा ||

हर मन में आतुरता और भय,
क्या होगा कुछ नहीं निश्चय |
किन्तु सबको हैं संज्ञान ,
अबकी बार जाना हैं तय ||

होगी नई जगह ,नया विद्यालय,
थामेंगे नव विद्यार्थियों का हाथ|
किन्तु मन आकुल हैं क्योंकि,
ये साथी न होंगे साथ ||

कैसे भूल पाएंगे ये अनुभव,
जो हमने साथ बिताए हैं|
किन्तु प्रकृति का नियम यही हैं,
वो जाएंगे , जो आए हैं ||

चल देंगे लेकर नया विश्वास,
साथ होगी अपनी ये मिठास|
होगा नया परिसर, नया माहौल,
नए विद्यार्थी, नया अहसास ||

शनैः शनैः हम ढल जाएंगे,
नई पहचान, नए रिश्ते बन जाएंगे |
नए साथियों, नए विद्यार्थियों में,
हम सहज ही घुल मिल जाएंगे ||

के. वि. ने यही सिखाया हैं,
नित नवीनता को अपनाना हैं|
संगठन की सुंदरता हैं यहीं,
जिसको हम सबने माना हैं ||

**श्रीमती प्रतिभा त्रिवेदी**
**प्र. स्ना. शि. हिन्दी**

# सार

रोज़ एक नया जीवन
हर दिन नई कहानियाँ
कहानियाँ भी अर्थहीन, फिर भी सुनना जरूरी सुनकर ,
उन पर  अपनी राय देना भी जरूरी|
एक आनंद ,एक नया उत्साह
प्रत्येक दिन|
मासूम चेहरे, मदमस्त जीवन
कभी झूठे, कभी सच्चे
पर दोस्ती निभाने में बड़े पक्के|
घर पर भले ही ना माने बात,
पर हमारे लिए तो कर जाए
विद्यालय का कोई भी काम |

इनके बीच रहकर
ना याद रहे घर बार
इनको पढ़ाने-समझाने में
कहाँ रहता हैं वक्त का ख्याल |

कभी जो न होने दे उम्र का अहसास
अपार स्नेह, बेहद सम्मान,
और खुशियों का भंडार|

गर्व हैं मुझे मेरे विद्यार्थियों पर
बने देश का गौरव
मैं उनके साथ हूँ सदैव
और वे हर पल रहते हैं मेरे साथ|

**श्रीमती भारती मोहल**
**प्र. स्ना. शि. गणित**

# अवसर

मिला अवसर इस संसार में,
कुछ कर दिखाना इस जग में,
प्रारम्भ से शिक्षा पायी इस जग में ,
शब्द ज्ञान ग्रहण किया बालपन में।
हुई युवावस्था इस संसार में,
पढ़-लिखकर बना सुसंस्कृत,
देश सेवा का लिया प्रण मैंने,
शिक्षा प्रदान की मैंने देश सेवा में।
मिला अवसर गुरु ज्ञान वाणी का,
पाया आदर्श सद्गुण ह्रदय में,
ज्ञान गंगा की अमृत वाणी से,
मिला अवसर परमात्मा से मिलन का।

**श्री एल. जे. वाघेला**
**प्रधानाध्यापक: प्राथमिक विभाग**

# ENGLISH

## Section




"Literature is a luxury; fiction is a necessity."

## World without Walls

Imagine a world with no walls in between,
When borders dissolve like a soft, gentle dream.
No lines to divide, no chains to confine
Where hearts beat as one, in rhythm, in rhyme.
The oceans would flow without fear of the shore,
The winds would rush freely, no door to implore.
Mountains would whisper to valleys below,
And rivers would wonder where they choose to go.
No barriers of skin, nor of creed, nor of race,
Just the pure, boundless light of a shared human grace.
Eyes meet without judgment, hands clasp without fear,
A world born of kindness, where all souls are dear.
Imagine this world, where walls cease to be,
Where we are all vessels of pure empathy.
No longer alone, no longer apart,
But linked by the threads of a compassionate heart.
So let us build bridges, let kindness befall-
In this beautiful dream, a world without walls.

Sarthak Tiwari, XI- A

# THE BUTTERFLY AND THE FLOWER

Once upon a time, there was a young butterfly who accidentally entered a house. She entered through a window. When she entered she saw a beautiful flower pot with some beautiful yellow-colour flowers in it.

She lived in the flower pot for something around 2 days. One morning, when the window was open, she went outside to get fresh air. She roams and roams and later, she went too far from the house. After an hour when she tried to enter the house she saw the window that had beautiful flower pot with beautiful flowers in. It was closed. She became very sad. She had to stay outside for a week because the owner of the house had gone outside for a vacation with his family.

